INTERVIEW OF THE WEEK

राजेश मेहरा, JAQUAR कंपनी के डायरेक्टर और प्रमोटर

एक बार टब भरें और 3 महीने तक नहाएं, रिसाइकल्ड हो जाएगा पानी, शिरोधारा शॉवर भी 30% पानी बचा रहा

सिटी रिपोर्टर • इंदौर

अभी यह होता है कि आप बाथ टब में नहाते हैं और उसके बाद अगले उपयोग के लिए 200 से 400 लीटर पानी चंद सेकंड में बहा देते हैं। लेकिन, अब बाथ टब में एक बार लिया पानी 60 से 90 दिन तक चलेगा। जितनी बार नहाना है नहाइए, सारा पानी सिर्फ एक क्लिक पर रिसाइकल्ड हो जाएगा। तीन स्टेप में होने वाली यह प्रोसेस पानी को उतना ही शुद्ध कर देगी जितना वह शुरू में था।

वाटर कन्जर्वेशन के लिए दुनिया में सबसे पहले लाए 'ट्राइजीन व्हर्लपूल' के बारे में बता रहे हैं जैक्वार ग्रुप के डायरेक्टर और प्रमोटर राजेश मेहरा। फख्र से कहते हैं हम शुरू से ही पर्यावरण हित और जल संरक्षण की दिशा में काम कर रहे हैं, लेकिन अब पूरा फोकस ही इस पर है।

इंदौर में जैक्वार वर्ल्ड एक्सपीरियंस सेंटर की ओपनिंग में आए मेहरा ने कंपनी और बाथरूम फिटिंग इंडस्ट्री के बारे में बात की।

डायरेक्टर मेहरा ने बताया - कंपनी जल संरक्षण के लिए किन तकनीकों पर काम कर रही

Q. कौनसे नए प्रोडक्ट ला रहे हैं?

जवाब - सेंसर नल से 60% तक पानी बचाता है। एयर शॉवर में हल्का पानी भी हवा के कारण तेज फ्लो से गिरकर 30% तक वाटर सेविंग करता है। 'नाविया' शॉवर शिरोधारा टाइप है जिसमें एक धार में बहा पानी बॉडी के शेप में ही नीचे उतरता है। इससे इधर-उधर गिरने वाला पानी करीब 30% तक बचता है।

Q. सस्टेनेबिलिटी के लिए क्या?

जवाब - दिल्ली में हमारा हेडक्वार्टर एशिया की सबसे बड़ी 'नेट पॉजिटिव' एनर्जी बिल्डिंग्स में से एक है। सभी 10 प्रोडक्शन यूनिट्स जीरो लिक्विड डिस्चार्ज सेटअप से युक्त हैं। यहां पानी से लेकर तांबा, पीतल तक रिसाइकल्ड होता है। हम फैक्ट्रियों में 13.5 मेगावॉट से ज्यादा सोलर पावर बनाते हैं जिससे हर साल 18,500 टन CO_2 घटाने में मदद मिलती है।

Q. खारे पानी से प्रोडक्ट को बचाने के लिए आप क्या कर रहे हैं?

जवाब - प्रोडक्ट डिजाइन और मटेरियल ऐसा यूज करते हैं कि समस्या कम से कम हो जैसे कि नीकल कोटिंग। यूजर द्वारा नियमित सफाई और वक्त पर सर्विसिंग से प्रोडक्ट की लाइफ को दोगुनी होगी। जैक्वार केयर से प्रिवेंटिव मैन्टेनेंस सर्विस ले सकते हैं।

Q. आपका क्लाइंट कौन है?

जवाब - हम सभी वर्गों के लिए काम करते हैं। सभी के लिए प्रोडक्ट हैं।

एस्को- लोअर से मिडिल क्लास। इसमें बाथरूम 8 से 10 हजार में बनता है।

जैक्वार- मिडिल से हायर क्लास। बाथरूम 15 से 50 हजार तक बनता है।

आर्टिज - हाईक्लास के लिए। इसका खर्च 50 हजार से 2 लाख तक जाता है।

Q. अन्य किस सेगमेंट के लिए काम कर रहे हैं?

जवाब - 1960 में शुरुआत प्लंबिंग फिटिंग से की थी। बाद में बाथरूम फिटिंग में आए, फिर सेनेटरी, लाइफस्टाइल और अब लाइटिंग में भी हैं। हमारे पास एनर्जी बचाने वाले वॉटर हीटर हैं, जो बिजली की खपत कम करने के लिए डिजाइन हैं। यह पानी गर्म करने में आसपास की गर्मी का उपयोग करते हैं। ठंडे पानी से मसल्स रिकवर होती है उसके लिए 'क्रायोस्पा' लाने वाले हैं। इसमें पानी को 4 से 40 डिग्री तक सेट कर पाएंगे।

Q. क्वालिटी कंट्रोल के लिए क्या करते हैं?

जवाब - सभी मैन्युफैक्चरिंग प्लांट्स में इंडिपेंडेंट क्वालिटी कंट्रोल सिस्टम है। हर फैक्ट्री में डेडिकेटेड क्वालिटी कंट्रोल लैब भी है।

Q. कितने प्रोडक्ट बनाते हैं और हाईएंड क्या है?

जवाब - बाथ और लाइट में एसकेयू की कुल संख्या 7,950 है। इसमें स्विम स्पा हाईएंड है जिसकी कीमत 29 लाख रुपए है।